प्रकाशनार्थ

पटना 30 जनवरी। जनवरी 30 राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस है। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इन्स्टीच्यूट (आद्री) में स्थित सेन्टर फाॅर स्टडीज आॅन इनवारमेन्ट एण्ड क्लाइमेट (सी0एस0इ0सी0) के पर्यावरण सूचना, जागरुकता, क्षमता निर्माण, और आजीविका कार्यक्रम (इ0आई0ए0सी0पी0) और आद्री के ही जन शिक्षण संस्थान (जे0एस0एस0) के द्वारा पटना में एक व्याख्यान-सह-स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इसका प्रमुख उद्देश्य लोगों एवं खासकर विद्वार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल जीवन जीने के लिए तैयार करना था। हरित भविष्य के लिए एक स्वच्छ भारत इस अभियान का मुद्दा था। अगर हमारे आस-पास का वातारण साफ और टिकाउ है, तो समाज भी स्वस्थ रहता है। इस कार्यक्रम के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन और भारत सरकार के मिशन लाइफ पर एक चलचित्र भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सी0एस0इ0सी0 के डा0 सुनील कुमार गुप्ता तथा जे0एस0एस0, पटना के डा0 संदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर आद्री के ही पूजा कुमारी, संजीव कुमार, पंकज कुमार, गुलशन पटेल और 50 से अधिक छात्र-छात्राएं ने भाग लिया।

(अभिषेक प्रसाद)